संख्या- 4/736/49-3-2013-5/2013

प्रेषक,

एस0एस0 आशुतोष,
विशेष सचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निबन्धक,
सहकारिता,उ0प्र0,
लखनऊ।

सहकारिता अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक: 19 दिसम्बर, 2013

विषय- पी0सी0एफ0 में आन्तरिक लेखा परीक्षा प्रणाली लागू किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-61/लेखा-अ/12, दिनांक 9मई, 2013 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पी0सी0एफ0 सहकारिता विभाग की शीर्ष संस्था है जो उ0प्र0सरकार की एजेन्सी के तौर पर धान, गेहूँ खरीद, लेवीचीनी एवं उर्वरक प्रीपोजीशनिंग तथा उर्वरक परिवहन एवं वितरण इत्यादि का महत्वपूर्ण कार्य करती है।

2- अत: संस्था में तैनात वित्त लेखा सेवा के वरिष्ठ अधिकारी के पर्यवेक्षण में संस्था में कार्यरत लेखाकारों द्वारा लेखांकन प्रणाली लागू करने एवं आन्तरिक सप्रेक्षणो का कार्य कराये जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है।

3- तद्नुसार पी0सी0एफ0 में लेखांकन प्रणाली/आन्तरिक लेखा परीक्षा प्रणाली तत्काल प्रभाव से लागू करने तथा आन्तरिक लेखा परीक्षा की रिपोर्ट प्रत्येक त्रैमास पर शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(एस0एस0 आशुतोष)
विशेष सचिव।

पृष्ठांकन संख्या- 4/736(1)/49-3-2013,तद् -दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित: --

1- प्रबन्ध निदेशक, पी0सी0एफ0, लखनऊ।
2- वित्त नियंत्रक/लेखाधिकारी, कार्यालय आयुक्त एवं निबन्धक,सहकारिता, उ0प्र0, लखनऊ।
3- वित्त नियंत्रक पी0सी0एफ0, लखनऊ।
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राम किशोर)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in